# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/पी0जी0–2022/2595 लखनऊःदिनांक/2 नवम्बर 2022

**यू0पी0 नीट पी0जी0–2022 (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0/डी0एन0बी0) के ऑनलाइन मॉप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश**

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0/डी0एन0बी0) में प्रवेश हेतु ऑन–लाइन मॉप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् है:–

| क्रंस | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0) की तिथि | दिनांक 12 नवम्बर 2022 सायं 05:00 बजे से दिनांक 14 नवम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (डी0एन0बी0) की तिथि | दिनांक 12 नवम्बर 2022 सायं 05:00 बजे से दिनांक 14 नवम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 3 | सिक्योरिटी फीस जमा करने की तिथि (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0 तथा डी0एन0बी0) | दिनांक 12 नवम्बर 2022 सायं 5:00 बजे से दिनांक 15 नवम्बर 2022 |
| 4 | मेरिटलिस्ट (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0 तथा डी0एन0बी0) जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 14/15 नवम्बर 2022 |
| 5 | ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0 एवं डी0एन0बी0) | 16 नवम्बर 2022 पूर्वान्ह 11:00 बजे से 17 नवम्बर 2022 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 5 | परिणाम घोषित करने की तिथि | 19/20 नवम्बर 2022 |
| 6 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 21 नवम्बर 2022 से 23 नवम्बर 2022 |

- मा0 उच्चतम न्यायालय/भारत सरकार के अनुसार तिथियों में परिवर्तन हो सकता है, जिसकी सूचना समय–समय पर वेबसाईट पर प्रदर्शित की जायेगी।
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 2000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0 तथा डी0एन0बी0 की कांउसिलिंग हेतु पृथक–पृथक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- ***मॉप–अप राउण्ड से डी0एन0बी0 पाठ्यकम में आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा के मॉप–अप राउण्ड की आवंटन प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।***
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में नीट पी0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
- **राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) तथा निजी क्षेत्र की एम0डी0एस0 की सीटों हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- मॉप–अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश–प्रकिया नामित नोडल सेन्टर पर पूर्ण की जायेगी।
- **मॉप–अप राउण्ड मे निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General**

**Medical Education & Training,U.P), Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

- **निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजो मे आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश के समय कालेज की सिक्योरिटी, हॉस्टल एवं विविध शुल्क नोडल सेन्टर पर उपस्थित निजी क्षेत्र के कालेज के प्रतिनिधि को जमा करायी जायेगी।**
- मॉप–अप राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov. पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक